## गर्मियों के मौसम में हर लुक के लिए बेस्ट है

# पेंसिल स्कर्ट




पार्टी लुक में आप पेंसिल स्कर्ट को थोड़ा ट्विस्ट करके पहन सकती हैं। आजकल मार्केट में लॉन्ग पेंसिल स्कर्ट अवेलेबल है। आप लॉन्ग पेंसिल स्कर्ट में लीक से हटकर कलर चुनें और इसे टॉप के साथ कैरी करें। वैसे पार्टी लुक में सीक्वेन पेंसिल स्कर्ट का चुनाव करना काफी अच्छा रहता है। गर्मियों के मौसम में स्कर्ट को काफी पसंद किया जाता है। यूं तो मार्केट में आपको कई तरह की स्कर्ट देखने को मिल जाएंगी लेकिन पेंसिल स्कर्ट की बात ही अलग है। आमतौर पर महिलाएं मानती हैं कि पेंसिल स्कर्ट को ऑफिस में ही पहना जा सकता है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। पेंसिल स्कर्ट को आप हर ओकेजन में बेहद आराम से पहनकर अपने लुक को निखार सकती हैं। बस जरूरत है कि आप इसे सही तरह से टीमअप करके पहनें। तो चलिए जानते हैं पेंसिल स्कर्ट के अलग-अलग आउटफिट आईडियाज-



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



ऑफिस लुक

फॉर्मल लुक में पेंसिल स्कर्ट को काफी पसंद किया जाता है। अगर आप इसे ऑफिस में पहन रही है तो चेक्ड शर्ट के साथ कैरी करें। इसके साथ स्लिंगबैक पंप भी पहनें। वैसे आप इसे टर्टलनेक टी-शर्ट के साथ भी पहनकर ऑफिस जा सकती है।

पार्टी लुक

पार्टी लुक में आप पेंसिल स्कर्ट को थोड़ा ट्विस्ट करके पहन सकती हैं। आजकल मार्केट में लॉन्ग पेंसिल स्कर्ट अवेलेबल है। आप लॉन्ग पेंसिल स्कर्ट में लीक से हटकर कलर चुनें और इसे टॉप के साथ कैरी करें। वैसे पार्टी लुक में सीक्वेन पेंसिल स्कर्ट का चुनाव करना काफी अच्छा रहता है। अगर आप सीक्वेन पेंसिल स्कर्ट पहन रही हैं तो टॉप को सिंपल ही रखें। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप हाथ में क्लच कैरी करें। वहीं मेकअप में स्मोकी आईज व न्यूड लिपस्टिक रखें।

केजुअल लुक

केजुअल लुक में भी पेंसिल स्कर्ट खूब फबती है। अगर आप दोस्तों के साथ बाहर जा रही हैं या फिर हॉलिडे इंजॉय कर रही हैं तो पेंसिल स्कर्ट पहन सकती है। इसके लिए आप ब्लैक लेदर पेंसिल स्कर्ट को व्हाइट ओवरसाइज्ड टी-शर्ट के साथ पहनें। साथ ही इस टी-शर्ट की नाट साइड से बांधें। आप अपने लुक को व्हाइट शूज व हाफ हेयर बन के साथ कंप्लीट करें।

लंच टाइम

अगर आप अपने पार्टनर या ऑफिस कलीग के साथ लंच पर जा रही हैं तो उसके लिए प्लेड पेंसिल स्कर्ट का चयन करना अच्छा रहेगा। आप इसे प्लेन व्हाइट या ब्लैक टीशर्ट के साथ पहनें। साथ ही सैंडिल्स व केजुअल मेकअप करें। वैसे पेंसिल स्कर्ट लेदर जैकेट के साथ भी काफी अच्छी लगती हैं और इसे लंच टाइम में पहना जा सकता है। इस लुक में आप लेदर जैकेट विद पेंसिल स्कर्ट और स्टाइप्ड टैंक या टॉप पहनें। साथ ही अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए एंकल लेंथ बूट्स पहने जा सकते हैं।

फ्लोरल पेंसिल स्कर्ट

आजकल मार्केट में सिर्फ तरह-तरह के कलर्स में ही पेंसिल स्कर्ट अवेलेबल नहीं है। बल्कि प्रिंटेड पेंसिल स्कर्ट को भी काफी पसंद किया जा रहा है। खासतौर से, फ्लोरल पेंसिल स्कर्ट स्लिम से हैवी हर तरह की लड़कियों पर खूबसूरत लगती हैं। आप फ्लोरल प्रिंट पेंसिल स्कर्ट को प्लेन टॉप के साथ पहनें। अपने लुक को और भी अधिक निखारने के लिए आप लेयरिंग करें। इसके लिए अपनी डेस के ऊपर कीमोनो पहनें। यह लुक देखने में बेहद ही अच्छा लगता है।





# अत्यधिक डियो या परफ्यूम लगाने के शौकीन हैं तो हो जाएं सावधान, बढ़ सकती हैं ये समस्याएं



अधिकांश लोग तैयार होकर घर से निकलने से पहले डियो या परफ्यूम जरूर लगाते हैं। कुछ लोगों को तो डियो और परफ्यूम को इतना शौक होता है कि वे कुछ घंटों के अंतराल में उन्हें लगाते रहते हैं। अगर आप भी जरूरत से ज्यादा डियो या परफ्यूम लगाने के शौकीन हैं, तो आइए आपको बता दें कि इस शौक से आपको कौन सी सेहत समस्याएं हो सकती है -

1 सोख लेते है त्वचा की नमी -

अधिकतर परफ्यूम मे एल्कोहल मौजूद होता है, जो त्वचा से प्राकर्तिक नमी को सोख लेता है। जिसकी वजह से कई प्रकार की सेहत समस्याएं हो सकती हैं। डियो व परफ्यूम में मौजूद न्यूरोटॉक्सिन आपकी केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित कर सकता है।

2 हार्मोन्स का संतुलन बिगाड़ सकते हैं -

अगर आप रोजाना जरूरत से ज्यादा डियो व परफ्यूम लगाते हैं, तो ये आपकी त्वचा के अदंर पहुंचकर हार्मोन्स का संतुलन भी बिगाड़ सकता है। साथ ही कई बार ये त्वचा में निशान, एलर्जी आदि की वजह भी बनते है।

3 अल्जाइमर की आशंका बढ़ा सकते हैं -

कई डिओडरेंट में ऐसे केमिकल मौजूद होते है जो अल्जाइमर और सांस संबंधी समस्याओं की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही अत्यधिक तेज गंध वाले डियो व परफ्यूम नाक के तंतुओं को भी क्षतिग्रस्त कर सकते हैं।

